web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

शुभकामनाएं...
बुराई पर अच्छाई की जीत विजयादशमी के शुभ अवसर पर समस्त सुधि पाठकों को न्याय साक्षी परिवार की तरफ से बधाई एवं ढेरों शुभकामनाएं...
-जय श्री राम-

**अवकाश सूचना**

विजयादशमी के अवसर पर आज न्याय साक्षी कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक 20 अक्टूबर शनिवार को प्रकाशित होगा।
कृते-संपादक

RNI NO :- CHHHIN16931 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, गुरूवार 18 अक्टूबर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-23

## महत्वपूर्ण एवं खास

### रेप के आरोप से घिरे दाती महाराज की अपील पर सोमवार को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (आरएनएस)। उच्चतम न्यायालय यौन-उत्पीड़न के आरोपों की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने के फैसले के खिलाफ स्वयंभू तांत्रिक दाती मदन लाल उर्फ दाती महाराज की अपील पर अगले सोमवार को सुनवाई करेगा।

दाती महाराज ने यौन-उत्पीड़न मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें जांच की जिम्मेदारी सीबीआई को सौंपी गयी है। न्यायमूर्ति एन वी रमन एवं न्यायमूर्ति एम एम शंतनगौदर की पीठ के समक्ष दाती महाराज की अपील 22 अक्टूबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की गयी है।

### 8 को बंद होंगे गंगोत्री धाम के कपाट

उत्तरकाशी (आरएनएस)। विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए आगामी 08 नवम्बर को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ बंद कर दिए जायेंगे। जिसके बाद देश विदेश से आने वाले श्रद्धालु शीताकालीन प्रवास मुखबा में ही मां गंगा के दर्शन कर सकेंगे।

### गोलीबार केस में 116 पुलिसकर्मियों को 4 साल बाद मिली ये सजा

नई दिल्ली। पाकिस्तानी अधिकारियों ने 2014 में प्रदर्शनकारियों पर अंधाधुंध गोलीबारी करने और कई लोगों की जान लेने के मामले में कई शीर्ष अधिकारियों सहित कम से कम 116 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है.पुलिस की गोलीबारी की यह घटना लाहौर के मॉडल टाउन इलाके में 2014 में हुई. अतिक्रमण के विरुद्ध चलाए जा रहे एक अभियान के दौरान कनाडाई-पाकिस्तानी मौलवी ताहिर उल कादरी के घर के बाहर जमा पाकिस्तान आवामी तहरीक (पीएटी) के कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने गोलियां चलाई थीं।

### मीटू केस : 31 अक्टूबर को कोर्ट में दर्ज होगा एमजे अकबर का बयान

नई दिल्ली। अब आज से ये लड़ाई अदालत में लड़ी जा रही है, मीटू के तहत अभी तक कई मामले सामने आए हैं। लेकिन ये पहला मामला है जिसकी सुनवाई कोर्ट में हो रही है. एमजे अकबर 31 अक्टूबर को पटियाला हाउस कोर्ट में अपना बयान रिकॉर्ड करेंगे. एम जे अकबर की वकील गीता लूथरा ने कहा- प्रिया रमानी ने जो ट्वीट किया वो अपमानजनक था। उनका दूसरा ट्वीट जिसे 1200 लोगों ने लाइक किया था वह स्पष्ट तौर पर उनकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने वाला था।, गीता लूथरा ने कोर्ट में कहा कि प्रिया रमानी के ट्वीट से अकबर की प्रतिष्ठा को अपूर्णीय क्षति पहुंची है, जिसे उन्होंने 40 वर्षों से अधिक समय में बनाया है।

### केरल के पम्पा समेत 4 शहरों में धारा 144 लागू

केरल छ्तक्कने साइबर सेल को उन लोगों के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश दिया है जो सोशल मीडिया पर निलक्कल और पंबा में हिंसा की घटनाओं से संबंधित धार्मिक नफरत वाले पोस्ट फैला रहे हैं स्थिति शांतिपूर्ण है। वहां कोई समस्या नहीं है। हमने पंपा और सन्निधानम में पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स तैनात कर दिए गए हैं। पंपा, निलक्कल, सन्निधानम में धारा 144 लगाई गई।

# चीन बढ़ाएगा भारत की टेंशन, ब्रह्मोस से भी बेहतर मिसाइल देगा पाकिस्तान को

नई दिल्ली। पाकिस्तान चीन से सुपरसोनिक मिसाइल खरीद सकता है, जोकि लागत प्रभावी होने के साथ-साथ भारत और रूस द्वारा विकसित ब्रह्मोस मिसाइल से बेहतर है. इस बात का जिक्र चीन की सरकारी मीडिया ने किया है. चीन द्वारा पाकिस्तान के साथ सबसे बड़ा ड्रोन सौदा करने का एलान करने के आद ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि एचडी-1 अन्य सुपरसोनिक मिसाइलों की तरह नहीं है, क्योंकि इसमें ईंधन की जरूरत कम होती है, उड़ान अधिक तीव्र व लंबी दूरी की होती है.सौदे के अनुसार, चीन पाकिस्तान को 48 ड्रोन मुहैया कराएगा. गौतलब है कि बीजिंग द्वारा इस्लामाबाद को सबसे ज्यादा हथियारों की आपूर्ति की जाती है. मिसाइल के सफल परीक्षण के मौके पर चीन के एक सैन्य विशेषज्ञ ने कहा कि एचडी-



1 का मुकाबला हथियारों के अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बहुत कम है. मिसाइल को दक्षिणी चीन की कंपनी गुआंगदोंग होंग्दा ब्लास्टिंग ने बनाया है. ग्लोबल टाइम्स ने कंपनी के हवाले से बताया कि उत्तर चीन में मिसाइल का परीक्षण किया गया. बयान के अनुसार, सुपरसोनिक मिसाइल के सभी मानक अपनी जगह खरा साबित हुए थे. बीजिंग के सैन्य विश्लेषक वेई दोंग्स्यू ने कहा कि एचडी-1 के उच्च ठोस ईंधन रैमजेट में इसके प्रतिस्पर्धी मिसाइलों की तुलना में कम ईंधन की आवश्यकता होती है, जबकि यह उनसे तेज उड़ान भरने में समर्थ है और दूरी भी ज्यादा तय करती है. उन्होंने कहा, पाकिस्तान और मध्य-पूर्व के देश सुपरसोनिक की चाल से मिसाइल रोधी तंत्र को तोड़ने में समर्थ इस मिसाइल में दिलचस्पी ले सकते हैं.

उन्होंने कहा कि ब्रह्मोस ज्यादा खर्चीली और कम उपयोगी सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है, जिसे भारत और रूस ने विकसित किया है.

## पुलिस को मिली बड़ी सफलता: नकली नोट के साथ तीन गिरफ्तार

**500-500 के नकली नोट छापकर खपाते थे आरोपी**

जांजगीर-चांपा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में नकली नोट खपाने वाले एक गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम डूमरपारा में घेराबंदी की यहां आरोपियों के कब्जे से 500-500 के कुल 90 हजार नकली नोट मिले हैं। इनमें से एक आरोपी पूर्व में भी नकली नोट खपाने के मामले में महासमुंद जिले में पकड़ा जा चुका है।



पुलिस सूत्रों ने बताया कि बाराद्वार थाना प्रभारी को मुखबीर से सूचना मिली थी कि दो युवक नकली नोट खपाने के फिराक में घूम रहे हैं। थाना प्रभारी ने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी सूचना दी। पुलिस ने योजनाबद्ध ढंग से ग्राम डूमरपारा में घेराबंदी कर बाइक सवार दो युवकों आरोपी मयंक प्रताप साहू उर्फ गोलू पिता सेवाराम साहू निवासी डोंगसरा थाना सारंगढ़ तथा लक्ष्मीनारायण साहू पिता पंचराम साहू निवासी ग्राम हसौद को गिरफ्तार किया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने पूर्व में भी महासमुंद जिले में नकली नोट खपाने की बात स्वीकार की। पूछताछ में आरोपी मयंक साहू के कब्जे से 500-500 के कुल 100 नोट जुमला 50 हजार तथा लक्ष्मीनारायण साहू से 500 के 50 नकली नोट 25 हजार रूपए बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने नकली नोट छापने की योजना बनाकर नकली नोट छापने के लिए कलर प्रिंटर, दस्ता पेपर व अन्य सामग्री खरीद कर ग्राम सेमरापाली में यादराम सिदार के घर में नकली नोट छापने की बात स्वीकार की। इस पर पुलिस ने यादराम सिदार के घर दबिश दी।

## हिंसा-तनाव के बीच खुले सबरीमाला मंदिर के कपाट

**22 अक्टूबर तक जारी रहेगी पूजा**



पथानामथिट्टा (आरएनएस)। प्रसिद्ध सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश को लेकर हो रहे विरोध प्रदर्शन के बीच बुधवार शाम 5 बजे श्रद्धालुओं के लिए कपाट खोल दिए गए हैं। इसी के साथ श्रद्धालू रात 10.30 बजे तक प्रार्थना कर सकेंगे। पांच दिन की मासिक पूजा के बाद यह 22 अक्टूबर को फिर बंद हो जाएंगे। बता दें कि पहले मंदिर में केवल 12 साल से कम और 60 साल से अधिक आयु वर्ग की महिलाएं ही प्रवेश कर सकती थीं। लेकिन सुप्रीम कोर्ट द्वारा 10 से 50 आयु वर्ष की महिलाओं को भी मंदिर में प्रवेश की इजाजत देने के बाद कुछ संगठनों ने इसका विरोध किया। प्रदर्शनकारियों के विरोध के कारण बुधवार को आंध्र प्रदेश की एक 40 वर्षीय महिला माधवी व उसके परिवार को मजबूरन भगवान अयप्पा के दर्शन किए बिना लौटना पड़ा।

वहीं केरल सरकार ने कहा है कि हम कोर्ट के आदेश को लागू करेंगे। लेकिन, पूरे राज्य में अदालत के फैसले का विरोध देखने को मिल रहा है। सबरीमाला मंदिर के एक बेस कैम्प निलक्कल में बुधवार दोपहर कुछ प्रदर्शनकारी जुट गए। ये लोग मंदिर में महिलाओं के प्रवेश का विरोध कर रहे थे। इनको खदेड़ने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। इस दौरान जमकर हिंसा देखने को मिली, जिसका शिकार मीडियाकर्मी भी हुईं। कई गाड़ियों में जमकर तोड़फोड़ की गई। उधर, पुलिस ने निलक्कल और पम्बा में विरोध कर रहे त्रावणकोर देवासम बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सहित 50 लोगों को हिरासत में लिया है।

## बिलासपुर से लेह तक रेलवे बनाएगा 74 सुरंगें

शिमला (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले से लेह तक बनने वाली रेल लाइन के लिए सर्वे पूरा हो गया है। रेलवे अधिकारियों ने बुधवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी है। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि इस पूरे प्रोजेक्ट पर 83 हजार 360 करोड़ की लागत का अनुमान है. यह प्रोजेक्ट रणनीतिक लिहाज से देश का सबसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है.

**सबसे लंबी टनल 27 किमी**

जानकारी के अनुसार, बिलासपुर से शुरू होने वाली इस रेल लाइन पर दुनिया का सबसे ऊंचे ट्रैक में से एक होगी. चीन की तिब्बत में बिछाई गई रेल लाइन भी इससे नीचे होगी. 465 किलोमीटर लंबे रेल मार्ग पर 244 किलोमीटर तक सुरंगे बनेंगी. कुल 74 टनल्स में से सबसे लंबी टनल 27 किलोमीटर की रहेगी.

**लेह पहुंचने के लिए लगेंगे 20 घंटे**

जानकारी के अनुसार, इस रेलमार्ग के बनने से दिल्ली से लेह बनने तक बीस घंटे की बचत होगी. फिलहाल दिल्ली से लेह तक सड़क मार्ग के जरिये 36 घंटे लगते हैं. साथ ही सेना को लेह तक और चीन बॉर्डर तक पहुंचने में आसानी रहेगी. सामरिक दृष्टि से यह मार्ग सेना के लिए काफी अहम है.


**यहां-यहां होंगे स्टेशन, खास होंगे डिब्बे**

रेलवे लाइन से हिमाचल के स्टेशन जम्मू से जुड़ेंगे, इसमें हिमाचल में मंडी, मनाली, केलांग, कोकसर, दारचा और जम्मू एवं कश्मीर के उपसी और कारू शामिल हैं. इस रेल मार्ग पर ट्रेन जोखिम भरे दुर्गम और उबड़-खाबड़ इलाकों से गुजरेगी.

## मिलिट्री अस्पताल में मूक-बधिर महिला से 4 साल तक रेप, चार जवान गिरफ्तार

पुणे (आरएनएस)। पुणे के निकट खडकी के एक मिलिट्री अस्पताल में 30 साल की मूक-बधिर महिला का लगातार चार सालों तक रेप करने के आरोप में चार आर्मी जवानों को गिरफ्तार किया गया है.

रिपोर्ट के अनुसार सबसे पहले 2014 में नाइट शिफ्ट के दौरान एक जवान ने फैमिली वार्ड में उसका रेप किया. महिला अस्पताल में चौथी श्रेणी की



कर्मचारी है.

महिला ने कहा कि उसने मामले को टेक्स्ट मैसेज के माध्यम से अपने से वरिष्ठ नर्सिंग असिस्टेंट और एक जवान को भी बताया, पर मामले में कोई कार्रवाई करने के बजाय वो खुद भी इसमें शामिल हो गए. उन्होंने मैसेज को सार्वजनिक करने की धमकी भी दी. एफआईआर के अनुसार बाद में दो और जवान भी इसमें शामिल हो गए और उन्होंने मिलकर लगातार चार सालों तक महिला का रेप किया. उनमें से दो जवानों ने उसका वीडियो क्लिप भी बना लिया और उसे लगातार ब्लैकमेल करते रहे.

महिला के पति की मौत हो चुकी है और उसका 12 साल का एक बच्चा भी है. उसने पुलिस को बताया कि तमाम बार अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत किए जाने पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई. यहां तक कि उन्होंने महिला की नाइट शिफ्ट भी बदलने से मना कर दिया.

## पांचवीं कक्षा के छात्र ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

नोएडा (आरएनएस)। थाना सेक्टर 49 क्षेत्र के बरौला गांव में रहने वाले पांचवी कक्षा के छात्र ने अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना सेक्टर 49 की प्रभारी निरीक्षक अनीता चौहान ने बताया कि बरौला गांव में रहने वाले पांचवी कक्षा के छात्र ने बीती रात अपने घर पर पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली।

थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि बच्चे की मां अपने पति से अलग होकर बरौला गांव में अपने बच्चों के साथ रह रही थी। उन्होंने बताया कि आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस को पूछताछ के दौरान पता चला है कि छात्र पढ़ाई को लेकर तनाव में रहता था।

## अंतराष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग में छत्तीसगढ़ की महिला खिलाड़ी निशा ने गोल्ड मेडल जीता



रायपुर। छत्तीसगढ़ की पहली महिला फिटनेस मॉडल ने फिर लहराया छत्तीसगढ़ का परचम। इंडियन बॉडी बिल्डिंग फेडरेशन द्वारा मुंबई में 12 से 14 अक्टूबर तक आयोजित की गई। वुमेन्स बॉडी फिटनेस प्रतिस्पर्धा में 65 देशों की 500 खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए दुर्ग की निशा भोयर ने गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। इसके पहले 2017 में ल अमेच्यर अंतराष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग में छत्तीसगढ़ की एक मात्र महिला खिलाड़ी निशा ने 496 महिला खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए चौथा स्थान प्राप्त किया था। इस बार मुंबई में आयोजित प्रतियोगिता में 500 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

## पहले चरण के चुनाव में इन दिग्गजों की साख दांव पर

रायपुर। छत्तीसगढ़ में 12 नवंबर को होने वाले पहले चरण के चुनाव में 18 सीटों पर बड़े बड़ों की साख दांव पर है. क्योंकि इन्हीं सीटों पर मुख्यमंत्री रमन सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी, रमन कैबिनेट के दो मंत्री, सांसद और कांग्रेस के उपनेता प्रतिपक्ष कवासी लखमा की प्रतिष्ठा जुड़ी हुई है. ऐसे में कांग्रेस और बीजेपी दोनों ही पार्टियों को यहां की साख बचाने के लिए विधायकों और मंत्रियों की भी टिकिट काटने से परहेज नहीं है.

छत्तीसगढ़ में पहले चरण की रणभेरी बज चुकी है. इस चुनाव में 18 सीटों के लिए मतदान किये जाएंगे, जिसमें सीएम रमन सिंह समेत दो मंत्री केदार कश्यप और महेश गागड़ा की प्रतिष्ठा



दांव पर है. वहीं कांग्रेस से उप नेताप्रतिपक्ष कवासी लखमा की साख भी बस्तर संभाग से जुड़ी हुई है. पहले चरण की 18 सीटों के चुनाव को लेकर कांग्रेस ने अपनी अगल रणनीति तय की है. पहले चरण की सीटों में बीते चुनाव में कांग्रेस का पलड़ा भारी रहा है.बस्तर संभाग की 8 और राजनांदगांव जिले की 4 सीटों पर कांग्रेस ने जीत का परचम लहराया था. इनमें बीजेपी काफी पीछे रही थी. परफॉर्मेंस के लिहाज से मौजूदा 12 में से तीन विधायकों को डेंजर जोन में माना गया है. इस बार ज्यादातर सीटों पर नये चेहरों को मैदान में उतारने के साथ बीजेपी की रणनीति ध्वस्त करने पर भी जोर लगाया जा रहा है.

कांग्रेस प्रवक्ता आरपी सिंह का कहना है कि कांग्रेस का फोकस ऐसे प्रत्याशियों पर है, जो जीत दिला सकें.पहले चरण के चुनाव में बस्तर संभाग की कोंटा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, चित्रकोट, बस्तर, जगदलपुर, नारायणपुर, केशकाल, कोंडागांव, अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, और कांकेर सीट पर चुनाव होने हैं. इसके अलावा राजनांदगांव जिले के खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी, मोहला-मानपुर की सीट पर मतदान होगा. ये सीटें नक्सल प्रभावित मानी जाती हैं.

## एक करोड़ के इनामी नक्सली संदीप का सहयोगी काशीनाथ दिग्घी गिरफ्तार

गुवा/नोवामुंडी। काशीनाथ की गिरफ्तारी से पुलिस को नक्सल अभियान के खिलाफ एक और बड़ी सफलता मिली है। वह नक्सलियों का अहम सहयोगी था। सारंडा के कई गांवों में नक्सली दस्ते के पहुंचने पर वह उनके खाने-पीने का प्रबंध करता था। इसके अलावा वह नोवामुंडी, गुवा, जेटेया आदि उग्रवाद प्रभावित इलाकों में नक्सलियों के भोजन आदि की व्यवस्था कराता था। इसके अलावा वह नक्सली नेता व उनके सहयोगियों के बीच कड़ी का काम करता था व नक्सलियों के अन्य सहयोगियों के साथ उनकी बात-चीत कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता था।



गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने बनायी थी विशेष टीम, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर गुप्त सूचना एवं सघन छापामारी अभियान के तहत एक ग्रुप बनाया गया था। इनमें इंस्पेक्टर सुरेंद्र रवि दास, इंस्पेक्टर बिनोद कुमार, थाना प्रभारी गुवा संजय कुमार, थाना प्रभारी नोवामुंडी नितिन कुमार आदि थे। इन्हीं के ग्रुप ने काशीनाथ को गिरफ्तार किया।